E-mail

बिहार सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना)

सं0संख्या –01/भू0अ0नि0(5)क्षे0आ0(संविदा)सुपौल–17/2022................पटना, दिनांक :–

आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, सुपौल के पत्रांक 789 दिनांक 16.08.2022 के द्वारा **श्री शुभम सिद्धार्थ,** (Emp. ID No.-SKN00824), **श्री मो0 अहसन,** (Emp. ID No.-SKN00830), **श्री प्रवीण कुमार,** (Emp. ID No.-SKN00831), **श्री मो0 शहवाज,** (Emp. ID No.-SKN00631), विशेष सर्वेक्षण कानूनगो के विरूद्ध सर्वेक्षण कार्यों में लापरवाही एवं आदेशोल्लंघन का आरोप लगाते हुए संविदा नियोजन समाप्त करने की अनुशंसा की गयी है।

उक्त अनुशंसा के आलोक में निदेशालय के पत्रांक 2367 दिनांक 12.09.2022 द्वारा उक्त अंकित सभी कर्मियों से तीन दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु निदेशित दिया गया है, संबंधित कर्मियों द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है।

उक्त संविदा कर्मियों द्वारा समर्पित किये गये स्पष्टीकरण के आलोक में बन्दोबस्त पदाधिकारी, सुपौल से इस कार्यालय के पत्रांक 2844 दिनांक 13.10.2022 द्वारा स्पष्टीकरण पर मंतव्य की मांग की गयी है। बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा अपना मंतव्य पत्रांक 219/बन्दो0 दिनांक 09.02.2023 के द्वारा भेजी गयी है। बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा अपने मंतव्य में अंकित किया गया है कि उपरोक्त कर्मियों द्वारा कार्यों को शीघ्रतापूर्वक करने एवं भविष्य में किसी भी प्रकार के लापरवाही नहीं करने का उन्हें संबंधित कर्मियों के द्वारा दी गयी है, जिसके आलोक में उनके द्वारा एक माह का मानदेय कटौती करने की अनुशंसा की गयी है।

बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा किये गये अनुशंसा से सहमत होते हुए उक्त कर्मियों के द्वारा स्पष्टीकरण में अंकित तथ्यों के आलोक में तत्काल कार्य में सुधार लाने के दृष्टिगत **श्री शुभम सिद्धार्थ,**(Emp. ID No.-SKN00824), **श्री मो0 अहसन,** (Emp. ID No.-SKN00830), **श्री प्रवीण कुमार,** (Emp. ID No.-SKN00831), **श्री मो0 शहवाज,** (Emp. ID No.-SKN00631), विशेष सर्वेक्षण कानूनगो का एक माह के मानदेय की कटौती की जाती है।

ह0/–
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 01/भू0अ0नि0(5)क्षे0आ0(संविदा)सुपौल–17/2022................पटना, दिनांक :–................

प्रतिलिपि :– बन्दोबस्त पदाधिकारी/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, (मु0), सुपौल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 01/भू0अ0नि0(5)क्षे0आ0(संविदा)सुपौल–17/2022................पटना, दिनांक :–......................

प्रतिलिपि :– श्री शुभम सिद्धार्थ,(Emp. ID No.-SKN00824), श्री मो0 अहसन, (Emp. ID No.-SKN00830), श्री प्रवीण कुमार, (Emp. ID No.-SKN00831), श्री मो0 शहवाज, (Emp. ID No.-SKN00631), विशेष सर्वेक्षण कानूनगो को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 01/भू0अ0नि0(5)क्षे0आ0(संविदा)सुपौल–17/2022 1887 पटना, दिनांक :– 24/02/2023

प्रतिलिपि :–श्रीमती सरिता कुमारी प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय बिहार, पटना, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेश दिया जाता है कि इसकी स्कैन कॉपी R2R के अन्तर्गत संधारित व्यक्तिगत संचिका में संधारित करें।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
24/2/23

D:\Jyoti-2023\Bablu Sir\Order\Director\17-2022-21-02-2023.doc